Govt.of MadhyaPradesh

Office of the Field Director

Panna Tiger Reserve

Panna, Madhya Pradesh, (India)

Phone No. +917732-252135 (O) **Fax,** +917732-252120
E-mail: fdptr82@gmail.com **Website:** www.pannatigerreserve.in

Panna Tiger Reserve

प्रेस नोट

मड़ला परिक्षेत्र में टी–4 के क्षेत्र में मृत मिला एक मादा तेंदुआ



दिनांक 29.04.2014 को टी–4 की अनुश्रवण पार्टी के द्वारा मड़ला परिक्षेत्र के टी–4 के इलाके में एक मादा तेंदुआ को मृत पाया गया है। इस मादा तेंदुए के सभी नाखून, मूंछ, एवं अन्य अवयव सभी मौके पर सुरक्षित पाये गये हैं। तेंदुआ के के ऊपर बड़े हिंसक वन्य प्राणी के दांत अलग–अलग जगहों में गड़े पाये गये हैं। उल्लेखनीय है कि यह मादा तेंदुआ जब मृत पाया गया था उस वक्त उनकी कोख से 02 लगभग सम्पूर्ण रूप से विकसित हुए मृत तेंदुआ के बच्चे बाहर निकले। मौके पर नियमानुसार पंचनामा आदि कार्यवाही पूर्ण कर तेंदुए को कर्णावती में स्थित मर्चुरी चेम्बर में रखा गया, जो कि आज दिनांक 30.04.2014 को उप संचालक व सहायक संचालक मड़ला की उपस्थिति में नियमानुसार पोस्टमार्टम की कार्यवाही सम्पन्न कराई गई है। पोस्टमार्टम प्रतिवेदन के मुताविक मादा तंदुए की खोपड़ी टूटी पाई गई है। शरीर के 02 जगहों पर दांत गड़ाया जाना पाया गया है। मादा तेंदुए के शावक बच्चों को रासायनिक द्रव में सुरक्षित रखा गया है। तेंदुए की अलग–अलग अवयव बिसरा आदि को परीक्षण हेतु जबलपुर एवं बरेली भेजा जा रहा है। यह प्रकरण स्वाभाविक मृत्यु का है।

''जय हिन्द''

दिनांक – 30.04.2014

for क्षेत्र संचालक
पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना